भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3130

उत्तर देने की तारीखः 15.03.2021

तमिलनाडु में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना

†3130. डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पिछले एक वर्ष के दौरान तमिलनाडु में कुछ और केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना की स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है एवं चेन्नई के लिए कितने केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं;

(ग) उक्त परियोजनार्थ कितनी निधि स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई है;

(घ) अभी तक निर्धारित और प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार को कभी राज्य सरकार से तमिलनाडु में चेन्नई उत्तर में केंद्रीय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(च) यदि हां, तो अभी तक इसे किन कारणों से अनुमोदित नहीं किया गया है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) देश में मार्च, 2019 में तमिलनाडु राज्य में 4 केन्द्रीय विद्यालयों अर्थात आईटीबीपी, इदयापट्टी, आईटीबीपी, शिवगंगई, उडुमलपेट और बीएसएफ, किट्टमपालयम सहित 50 नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) स्वीकृत किए गए थे। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि 3 केंद्रीय विद्यालय अर्थात आईटीबीपी, इदयापट्टी, आईटीबीपी, शिवगंगई और उडुमलपेट को वर्ष 2019-20 से 2020-21 तक कार्यात्मक बनाया गया है ।

(ख) पिछले एक वर्ष के दौरान चेन्नई में कोई नया केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत नहीं किया गया है। हालाँकि, चेन्नई में 10 केंद्रीय विद्यालय पहले से ही कार्यात्मक हैं।

(ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) को तीन अलग-अलग शीर्षों अर्थात वेतन, सामान्य और पूंजीगत शास्तियों का सृजन के तहत अनुदान सहायता जारी की जाती है। निधियों का यह आवंटन राज्य/केंद्र शासित क्षेत्र के आधार पर नहीं बल्कि समेकित आधार पर किया जाता है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने बताया है कि वर्ष 2019-20 के दौरान, तमिलनाडु राज्य में स्थित केन्द्रीय विद्यालयों के लिए 243.69 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।

(घ) नए केन्द्रीय विद्यालय खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। नया केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने संबंधी प्रस्ताव पर तभी विचार किया जाता है जब वे भारत सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के मंत्रालयों अथवा विभागों द्वारा प्रायोजित हों और नया केवि स्थापित करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के निर्धारित मानकों के अनुसार भूमि, अस्थाई आवास आदि सहित संसाधनों

की प्रतिबद्धता हो। नया केन्द्रीय विद्‌यालय खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को 'चुनौती पद्धति' के अंतर्गत अन्य प्रस्तावों से प्रतिस्पर्धा करनी होती है।

(ङ.) और (च) केन्द्रीय विद्‌यालय संगठन ने सूचित किया है कि तमिलनाडु के उत्तरी चेन्नई निर्वाचन क्षेत्र में नया केन्द्रीय विद्‌यालय खोलने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****